AARO Exam-2024 Exam Date:- 28-10-2025

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कह ... do so.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24

No. of Pages in Booklet : 24

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 110

No. of Questions in Booklet : 110

Paper Code : 03

Subject: **Entomology**

# RAA-25

**Paper-II**

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

3001273

समय : **01:50 घण्टे + 10 मिनिट अतिरिक्त*** अधिकतम अंक : **110**

Time : **01:50 hours + 10 Minutes Extra*** Maximum Marks : **110**

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–

- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के **5** मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-

- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर–पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर–पत्रक में पांचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर–पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. Match the following -

| | List-1 | | List -2 |
|---|---|---|---|
| (a) | Ovipositor | (i) | Pseudo-sternite |
| (b) | Phallobase | (ii) | Maxilla |
| (c) | Lacinia | (iii) | Silk moth |
| (d) | Bipectinate | (iv) | Egg-laying organ |

(1) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)
(2) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(3) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(4) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(5) Question not attempted

2. Who among the following postulated that two species competing for limited resources in an ecological niche cannot co-exist for an indefinite period, eventually one species will replace the other?
(1) Hutchinson, 1957
(2) Charles Elton, 1927
(3) Gause, 1934
(4) Ernst Haeckel, 1869
(5) Question not attempted

3. The Insecticides Act, 1968 was enforced throughout the country in -
(1) September, 1982
(2) September, 1971
(3) August, 1968
(4) August, 1971
(5) Question not attempted

4. The author of the book entitled "Introduction to Insect Pest Management" is -
(1) H.C. Sharma
(2) D. Dent
(3) R.F. Smith
(4) R.L. Metcalf and W.H. Luckmann
(5) Question not attempted

5. Which of the following insect is an example of order neuroptera?
(1) *Chrysoperla carnea*
(2) *Thrips tabaci*
(3) *Panorpa communis*
(4) *Sogatella furcifera*
(5) Question not attempted

1. निम्नलिखित का मिलान कीजिए –

| | तालिका–1 | | तालिका–2 |
|---|---|---|---|
| (अ) | अण्डनिक्षेपक | (i) | स्यूडो–स्टर्नाइट |
| (ब) | फैलोबेस | (ii) | मैक्सिला |
| (स) | लैसिनिया | (iii) | सिल्क मॉथ |
| (द) | बाइपेक्टिनेट | (iv) | अण्डे देने वाला अंग |

(1) (अ)–(i), (ब)–(iv), (स)–(ii), (द)–(iii)
(2) (अ)–(iii), (ब)–(iv), (स)–(ii), (द)–(i)
(3) (अ)–(iv), (ब)–(ii), (स)–(i), (द)–(iii)
(4) (अ)–(iv), (ब)–(i), (स)–(ii), (द)–(iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्न में से किसने बताया कि दो प्रतिस्पर्धी प्रजातियाँ जो कम संसाधनों के लिए संघर्ष करती हैं, लम्बे अंतराल तक एक पारिस्थितिकी क्षेत्र में एक साथ नहीं रह सकतीं, अंततः एक प्रजाति दूसरी को वहाँ से हटा देती है?
(1) हचिंसन, 1957
(2) चार्ल्स एल्टन, 1927
(3) गौस, 1934
(4) अर्न्स्ट हेकेल, 1869
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. कीटनाशक अधिनियम, 1968 पूरे देश में कब लागू हुआ?
(1) सितम्बर, 1982
(2) सितम्बर, 1971
(3) अगस्त, 1968
(4) अगस्त, 1971
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. "इंट्रोडक्शन टू इन्सेक्ट पेस्ट मैनेजमेंट" नामक पुस्तक किसने लिखी है?
(1) एच.सी. शर्मा
(2) डी. डेंट
(3) आर.एफ. स्मिथ
(4) आर.एल. मेटकाफ और डब्ल्यू.एच. लकमैन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्न में से गण न्यूरोप्टेरा के कीट का उदाहरण है –
(1) क्राइसोपरला कार्निया
(2) थ्रिप्स टेबसाई
(3) पैनोरपा कम्युनिस
(4) सोगाटेला फुर्सिफेरा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. The rate of breakdown of the insecticidal residues in the soil is accelerated by ................

(1) low temperature

(2) high humidity

(3) low humidity

(4) high temperature

(5) Question not attempted

7. The primary role of T-DNA in Agrobacterium is to -

(1) protect the bacterium from plant cells

(2) provide energy for the Agrobacterium to move

(3) carry and integrate foreign genes into the plant genome

(4) degrade plant cell walls during infection

(5) Question not attempted

8. Scientific name of human head louse is -

(1) *Pediculus humanus capitis*

(2) *Ctenocephalides canis*

(3) *Heliothis armigera*

(4) *Xenopsylla cheopis*

(5) Question not attempted

9. Which insect has binocular type of vision?

(1) Honey bee

(2) Housefly

(3) Mantis

(4) Gram pod borer

(5) Question not attempted

10. In grasshopper, tympanal organ is present on which location of body?

(1) Lateral side of mesothorax

(2) Lateral side of last abdominal segment

(3) Lateral side of metathorax

(4) Lateral side of first abdominal segment

(5) Question not attempted

6. मिट्टी में कीटनाशकीय अवशेषों के विघटन की दर ..................... से तेज होती है।

(1) निम्न तापमान

(2) उच्च आर्द्रता

(3) निम्न आर्द्रता

(4) उच्च तापमान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. एग्रोबैक्टीरियम में टी–डीएनए की प्राथमिक भूमिका है –

(1) जीवाणु को पादप कोशिकाओं से बचाना

(2) एग्रोबैक्टीरियम को गति करने के लिए ऊर्जा प्रदान करना

(3) बाह्य जीनों को पादप जीनोम में ले जाना और एकीकृत करना

(4) संक्रमण के दौरान पादप कोशिका भित्ति का क्षरण करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. मानव सिर की जूँ का वैज्ञानिक नाम है –

(1) पेडिक्युलस ह्यूमनस कैपिटिस

(2) केटेनोसेफालाइड्स कैनिस

(3) हेलियोथिस आर्मिजेरा

(4) ज़ेनोप्सिला चेओपिस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. किस कीट में दूरबीन जैसी दृष्टि होती है?

(1) मधुमक्खी

(2) घरेलू मक्खी

(3) मैन्टिस

(4) चना फली छेदक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. टिड्डे में, शरीर के निम्न में से किस स्थान पर श्रवण अंग स्थित होता है?

(1) मीज़ोथोरैक्स की पार्श्व दिशा पर

(2) उदर के अंतिम खण्ड की पार्श्व दिशा पर

(3) मेटाथोरैक्स की पार्श्व दिशा पर

(4) उदर के प्रथम खण्ड की पार्श्व दिशा पर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. The protein toxin of *Bacillus thuringiensis* var. kurstaki is activated in insect gut in ………… pH condition.

(1) Alkaline

(2) Acidic

(3) Neutral

(4) Acidic as well as Neutral

(5) Question not attempted

12. The bio-control agent used for prickly pear weed is -

(1) *Dactylopius tomentosus*

(2) *Ophiomyia oryzae*

(3) *Neochetina bruchi*

(4) *Ophiomyia lantanae*

(5) Question not attempted

13. The causal organism of European foulbrood disease of honeybee is -

(1) *Aspergillus flavus*

(2) *Melissococcus plutonius*

(3) *Ascosphaera apis*

(4) *Paenibacillus larvae*

(5) Question not attempted

14. Who has first conceived the term "Push-pull"?

(1) Pedigo et al.

(2) Miller et al.

(3) Pyke et al.

(4) Smith et al.

(5) Question not attempted

15. The International Commission on Zoological Nomenclature was established on...........

(1) October 18, 1895

(2) September 18, 1895

(3) December 18, 1885

(4) September 18, 1885

(5) Question not attempted

11. बैसिलस थुरिंजिएन्सिस वर. कुर्स्टाकी जीवाणु का प्रोटीन टॉक्सिन कीट की भोजन नलिका में .................. pH अवस्था में क्रियाशील हो जाता है।

(1) क्षारीय

(2) अम्लीय

(3) उदासीन

(4) अम्लीय व उदासीन दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. प्रिकली पीयर खरपतवार के लिए उपयोग में लिया जाने वाला जैव–नियंत्रण एजेंट है –

(1) डैक्टिलोपियस टोमेंटोसस

(2) ओफियोमिया ओराइज़ी

(3) नियोचेटीना ब्रूची

(4) ओफियोमिया लैंटाना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. मधुमक्खी के यूरोपीय फाउलब्रूड रोग का कारक जीव है –

(1) एस्परगिलस फ्लेवस

(2) मेलिसोकोकस प्लूटोनियस

(3) एस्कोस्फेरा एपिस

(4) पैनीबैसिलस लार्वा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. "पुश–पुल" शब्द की सर्वप्रथम कल्पना किसने की थी?

(1) पेडिगो और अन्य

(2) मिलर और अन्य

(3) पाइके और अन्य

(4) स्मिथ और अन्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. प्राणी नामकरण पर अन्तर्राष्ट्रीय आयोग की स्थापना ..................... को हुई थी।

(1) 18 अक्टूबर, 1895

(2) 18 सितम्बर, 1895

(3) 18 दिसम्बर, 1885

(4) 18 सितम्बर, 1885

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. *Cyrtobagous salviniae* a bio-agent, was introduced from which of the following country to control the aquatic fern in 1982?

(1) New Zealand
(2) Hawaii
(3) Brazil
(4) Australia
(5) Question not attempted

16. वर्ष 1982 में, जलीय फर्न को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित में से किस देश से साइरटोबैगस साल्विनिया नामक जैव–एजेंट को लाया गया था?

(1) न्यूज़ीलैंड
(2) हवाई
(3) ब्राज़ील
(4) ऑस्ट्रेलिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. Protease inhibitor cloned and introduced into transgenic plants, which can inhibit ..............

(1) Serepsin
(2) Cathepsin
(3) Pepsin
(4) Trypsin
(5) Question not attempted

17. प्रोटीएज़ अवरोधक को क्लोन करके ट्रांसजेनिक पौधों में डाला जा सकता है, जो ...................... को बाधित कर सकता है।

(1) सेरेप्सिन
(2) कैथेप्सिन
(3) पेप्सिन
(4) ट्रिप्सिन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. The type of reproduction in lac insect is -

(1) Neoteny
(2) Viviparous
(3) Ovoviviparous
(4) Paedogenesis
(5) Question not attempted

18. लाख कीट में प्रजनन का प्रकार है –

(1) नियोटेनी
(2) सजीवप्रजक
(3) अण्डसजीवप्रजक
(4) पेडोजेनेसिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. Which organization first proposed Ecologically Based Pest Management?

(1) United Nations Organization
(2) Food and Agriculture Organization
(3) Agricultural Board of the National Research Council
(4) National Research Institute for Integrated Pest Management (NRIIPM)
(5) Question not attempted

19. किस संगठन ने सबसे पहले पारिस्थितिक आधारित कीट प्रबंधन का प्रस्ताव रखा था?

(1) संयुक्त राष्ट्र संगठन
(2) खाद्य एवं कृषि संगठन
(3) राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद का कृषि बोर्ड
(4) राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबन्धन अनुसंधान संस्थान (NRIIPM)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. The concept of Environmental Economic Injury Level (EEIL) was first time proposed by -

(1) Smith and Perry
(2) Knipling and Raymond
(3) Vaeck and Co-worker
(4) Pedigo and Higley
(5) Question not attempted

20. पर्यावरणीय आर्थिक क्षति स्तर (ई.ई.आई.एल.) की अवधारणा का प्रस्ताव सर्वप्रथम किसने रखा था?

(1) स्मिथ और पेरी
(2) निप्लिंग और रेमंड
(3) वैक और सहकर्मी
(4) पेडिगो और हिग्ले
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. When was Central Warehousing Corporation established?
(1) 2nd March 1956
(2) 2nd March 1958
(3) 2nd March 1957
(4) 2nd March 1955
(5) Question not attempted

22. The resistance is limited to only one insecticide and not to the related ones, is known as -
(1) Multiple resistance
(2) Cross resistance
(3) Simple resistance
(4) Monogenic resistance
(5) Question not attempted

23. Piperonyl butoxide is a -
(1) Synergist
(2) Fungicide
(3) Pheromone
(4) Rodenticide
(5) Question not attempted

24. Insects of which of the following family have cornicles on 5th or 6th abdominal segment?
(1) Coccidae
(2) Aphididae
(3) Lophopidae
(4) Aleurodidae
(5) Question not attempted

25. The average population density of a pest over a long period of time that is unaffected by the temporary interventions of pest control is known as -
(1) Economic threshold level
(2) Environmental economic injury level
(3) Economic injury level
(4) General equilibrium position
(5) Question not attempted

21. केंद्रीय भंडारण निगम की स्थापना कब हुई?
(1) 2 मार्च 1956
(2) 2 मार्च 1958
(3) 2 मार्च 1957
(4) 2 मार्च 1955
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. प्रतिरोधकता जब किसी एक कीटनाशक तक सीमित रहे, किसी अन्य संबंधित के लिए नहीं, वह कहलाती है –
(1) बहु प्रतिरोधकता
(2) क्रॉस प्रतिरोधकता
(3) साधारण प्रतिरोधकता
(4) एकजीन प्रतिरोधकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. पाइपरोनिल ब्यूटॉक्साइड एक है –
(1) सिनर्जिस्ट
(2) कवकनाशी
(3) फेरोमोन
(4) कृंतकनाशी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. निम्न में से किस कुल के कीटों के उदर के पाँचवें या छठे खण्ड पर कॉर्निकल छिद्र पाए जाते हैं?
(1) कोकसिडी
(2) एफिडिडी
(3) लोफोपिडी
(4) एलेरोडिडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. किसी कीट का औसत जनसंख्या घनत्व, जो दीर्घावधि में कीट नियंत्रण के अस्थाई हस्तक्षेपों से अप्रभावित रहता है, कहलाता है –
(1) आर्थिक सीमा स्तर
(2) पर्यावरणीय आर्थिक क्षति स्तर
(3) आर्थिक क्षति स्तर
(4) सामान्य संतुलन स्थिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. *Cotesia flavipes* attacks on which stage of insects?
(1) Adult
(2) Pupa
(3) Larva
(4) Egg
(5) Question not attempted

27. High volume spray refers to how much spray liquid is to be used per hectare?
(1) 5-250 litres/ha
(2) 300-400 litres/ha
(3) More than 400 litres/ha
(4) 250-350 litres/ha
(5) Question not attempted

28. Dust insecticides having particle size less than 40μ are referred to, as -
(1) Very fine dust
(2) Coarse dust
(3) Medium dust
(4) Fine dust
(5) Question not attempted

29. The alkaloid rotenone is extracted from which part of the plant?
(1) Leaf
(2) Flower
(3) Root
(4) Seed
(5) Question not attempted

30. Ovarioles in which nutritive cells are absent are called as ........... of ovarioles.
(1) Olfactory type
(2) Polytrophic type
(3) Acrotrophic type
(4) Panoistic type
(5) Question not attempted

31. If one litre of profenofos 50% EC is added to 1000 litres of water for the management of semi-looper in soybean crop, then the strength of profenofos in the spray liquid will be ...........
(1) 0.5%
(2) 0.02%
(3) 0.005%
(4) 0.05%
(5) Question not attempted

26. कोटेसिया फ्लेविप्स कीटों की किस अवस्था पर आक्रमण करता है?
(1) वयस्क
(2) प्यूपा
(3) लार्वा
(4) अंडा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. हाई आयतन स्प्रे में प्रति हैक्टेयर कितना स्प्रे तरल उपयोग होता है?
(1) 5-250 लीटर/हैक्टेयर
(2) 300-400 लीटर/हैक्टेयर
(3) 400 लीटर/हैक्टेयर से ज्यादा
(4) 250-350 लीटर/हैक्टेयर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. चूर्णी कीटनाशी जिनके कण का आकार 40μ से कम होता है, कहलाते हैं –
(1) अति बारीक चूर्ण
(2) मोटे चूर्ण
(3) मध्यम चूर्ण
(4) बारीक चूर्ण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. एल्केलॉइड रोटेनोन पौधों के किस भाग से संश्लेषित किया जाता है?
(1) पत्ती
(2) फूल
(3) जड़
(4) बीज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. जिन अण्डाशय में पोषक कोशिकाएं अनुपस्थित होती हैं उन्हें ........... का अण्डाशय कहा जाता है।
(1) ऑल्फैक्टरी प्रकार
(2) पॉलीट्रॉफिक प्रकार
(3) एक्रोट्रॉफिक प्रकार
(4) पैनोइस्टिक प्रकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. यदि सोयाबीन की फसल में सेमी–लूपर प्रबन्धन के लिये 1000 लीटर पानी में एक लीटर प्रोफेनोफॉस 50% ईसी मिलाया जाता है, तो स्प्रे द्रव में प्रोफेनोफॉस की मात्रा .............. होगी।
(1) 0.5 प्रतिशत
(2) 0.02 प्रतिशत
(3) 0.005 प्रतिशत
(4) 0.05 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. Field-evolved resistance to Bt cotton carrying Cry1Ac gene in India was observed in -

(1) *Helicoverpa armigera*

(2) *Earias vittella*

(3) *Pectinophora gossypiella*

(4) *Spodoptera litura*

(5) Question not attempted

33. *Cyrtorhinus lividipennis* (Mirid Bug) is used as bio-control agent for -

(1) Rice gall midge

(2) Rice grasshopper

(3) Rice stemborer

(4) Brown planthopper

(5) Question not attempted

34. On the island of Curacao, the male sterile technique was used to eradicate -

(1) Cattle fly

(2) Horse fly

(3) Glossina fly

(4) Screwworm fly

(5) Question not attempted

35. In mist spray, which of the following droplet size is kept in spray discharge fluid?

(1) 1-50 μm

(2) 400-1000 μm

(3) 50-100 μm

(4) 100-400 μm

(5) Question not attempted

36. The hoverflies are classified under which of the following family of insects?

(1) Glossinidae

(2) Asilidae

(3) Tachinidae

(4) Syrphidae

(5) Question not attempted

32. भारत में क्राई1एसी जीन वाले बीटी कपास के लिए क्षेत्र–विकसित प्रतिरोध ................ में देखा गया था।

(1) हेलिकोवर्पा आर्मिगेरा

(2) एरियस विटेला

(3) पेक्टिनोफोरा गॉसिपिएला

(4) स्पोडोप्टेरा लिटुरा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. साइरटोरिनस लिविडिपेनिस (मिरिड बग) का उपयोग जैव–नियंत्रण एजेंट के रूप में निम्नलिखित के लिए किया जाता है –

(1) चावल गॉल मिज

(2) चावल घास–फुदका

(3) चावल तना–छेदक

(4) भूरा पादप–फुदका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. कुराकाओ द्वीप पर, नर बाँझ तकनीक का उपयोग किसके उन्मूलन के लिए किया गया था?

(1) मवेशी मक्खी

(2) घोड़ा मक्खी

(3) ग्लॉसिना मक्खी

(4) स्क्रूवर्म मक्खी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. मिस्ट के रूप में किए जाने वाले छिड़काव के तरल की बूँदों का आकार निम्न में से क्या रखा जाता है?

(1) 1-50 μm

(2) 400-1000 μm

(3) 50-100 μm

(4) 100-400 μm

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. होवर मक्खियों को निम्न में से कीटों के किस कुल में वर्गीकृत किया गया है?

(1) ग्लोसिनिडी

(2) एसिलिडी

(3) टैकिनिडी

(4) सिरफिडी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. The use of first hormonal insecticide (Juvenile hormone) comes under which generation pesticide?

(1) First generation pesticide
(2) Second generation pesticide
(3) Fourth generation pesticide
(4) Third generation pesticide
(5) Question not attempted

38. Aristate type of antennae is found in ………..insect.

(1) Grasshopper
(2) Honey bee
(3) House fly
(4) Cricket
(5) Question not attempted

39. The aphid species that sucks the sap from the roots of apple and causes formation of ugly tumors or root galls is -

(1) *Rhopalosiphum maidis*
(2) *Tetraneura nigriabdominalis*
(3) *Toxoptera aurantii*
(4) *Eriosoma lanigerum*
(5) Question not attempted

40. Diamondback moth belongs to the family -

(1) Yponomeutidae
(2) Bombycidae
(3) Sphingidae
(4) Hesperiidae
(5) Question not attempted

41. For scientific lac cultivation of Aghani crop of Kusumi strain, seed inoculation is done during -

(1) January-February
(2) October-November
(3) June-July
(4) May-June
(5) Question not attempted

37. प्रथम हार्मोनल कीटनाशक (जुवेनाइल हार्मोन) का उपयोग किस पीढ़ी के कीटनाशक में आता है?

(1) प्रथम पीढ़ी कीटनाशक
(2) द्वितीय पीढ़ी कीटनाशक
(3) चतुर्थ पीढ़ी कीटनाशक
(4) तृतीय पीढ़ी कीटनाशक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. एरिस्टेट प्रकार की श्रृंगिका निम्न में से किस कीट में पायी जाती है?

(1) टिड्डा
(2) मधुमक्खी
(3) घरेलू मक्खी
(4) झींगुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. माहू की वह प्रजाति जिसके सेब की जड़ों से रस चूसने पर बदसूरत ट्यूमर या जड़ गॉल्स पैदा होते हैं, वह है –

(1) रोपालोसिफम मैडिस
(2) टेट्रान्यूरा निग्रियाब्डोमिनलिस
(3) टोक्सोप्टेरा ऑरेन्टी
(4) एरियोसोमा लैनिगेरम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. डायमंडबैक मॉथ किस परिवार (कुल) से संबंधित है?

(1) योपोनोम्यूटिडी
(2) बॉम्बिसिडी
(3) स्फिंगिडी
(4) हेस्पेरिडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. कुसुमी प्रजाति की अघानी फसल की वैज्ञानिक लाख की खेती करने के लिए बीज टीकाकरण (inoculation) कब किया जाता है?

(1) जनवरी–फरवरी
(2) अक्टूबर–नवम्बर
(3) जून–जुलाई
(4) मई–जून
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. Key principle for the safe storage of pesticides is -
(1) Store them out of reach of children and pets in well-ventilated locked area
(2) Mix them with other chemicals to create a potent mixture
(3) Store them in their original containers in any unlocked location
(4) Keep in easily accessible area for quick use
(5) Question not attempted

43. Metaldehyde primarily acts as -
(1) Molluscicide
(2) Acaricide
(3) Rodenticide
(4) Insecticide
(5) Question not attempted

44. Cigarette beetle, *Lasioderma serricorne* belongs to family -
(1) *Tenebrionidae*
(2) *Cucujidae*
(3) *Anobiidae*
(4) *Bostrichidae*
(5) Question not attempted

45. The book "Fundamentals of Ecology" was written by -
(1) H.S. Pruthi
(2) R.C. Saxena
(3) Carl Linnaeus
(4) E.P. Odum
(5) Question not attempted

46. The technique for gene transfer, in which high voltage current is applied to create tiny holes in cell membrane for DNA uptake is -
(1) Electrotranslocation
(2) Electroporation
(3) Electrolysis
(4) Electromagnification
(5) Question not attempted

42. कीटनाशकों के सुरक्षित भंडारण का मुख्य सिद्धांत है –
(1) उन्हें बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर हवादार बंद क्षेत्र में रखें
(2) शक्तिशाली मिश्रण बनाने के लिए उन्हें अन्य रसायनों के साथ मिलाएं
(3) उन्हें किसी भी खुले स्थान पर उनके मूल कंटेनर में संग्रहित करें
(4) त्वरित उपयोग के लिए आसानी से पहुंच योग्य क्षेत्र में रखें
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. मेटालडिहाइड मुख्यतः है –
(1) मोलस्कनाशक
(2) बरूथीनाशक
(3) कृंतकनाशक
(4) कीटनाशक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. सिगरेट बीटल, लैसियोडर्मा सेरिकोर्न का कुल है –
(1) टेनेब्रियोनिडी
(2) कुकुजिडी
(3) एनोबिडी
(4) बोस्ट्रिचिडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. पुस्तक "फंडामेंटल्स ऑफ इकोलॉजी" किसके द्वारा लिखी गई थी?
(1) एच.एस. प्रूथी
(2) आर.सी. सक्सेना
(3) कार्ल लिनिअस
(4) ई.पी. ओडम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. जीन स्थानांतरण की वह तकनीक, जिसमें डी.एन.ए. अवशोषण के लिए कोशिका झिल्ली में सूक्ष्म छिद्र बनाने हेतु उच्च वोल्टेज धारा का प्रयोग किया जाता है, वह है –
(1) विद्युत स्थानांतरण
(2) इलेक्ट्रोपोरेशन
(3) विद्युत अपघटन
(4) विद्युत आवर्धन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. Which of the following insecticide is produced by micro-organism *Streptomyces avermitilis*?

(1) Spiromesifen

(2) Emamectin benzoate

(3) Spinosad

(4) Indoxacarb

(5) Question not attempted

48. The species of mosquito which is vector of dengue -

(1) *Culex pipiens*

(2) *Anopheles gambiae*

(3) *Aedes aegypti*

(4) *Anopheles culicifacies*

(5) Question not attempted

49. Capture, marking, release and recapture method comes under which population estimation methods?

(1) Relative estimates

(2) Absolute estimates

(3) Capture, mark, release and recapture

(4) Population indices

(5) Question not attempted

50. The ultimate source of energy is -

(1) Saprophytes

(2) Green plants

(3) Herbivorous animals

(4) Sun

(5) Question not attempted

51. The insecticide having higher $LD_{50}$ is -

(1) Non-toxic

(2) Highly toxic

(3) Moderate toxic

(4) Less toxic

(5) Question not attempted

47. निम्न में से कौनसा कीटनाशी सूक्ष्मजीवी स्ट्रेप्टोमाइसीज़ एवरमिटिलिस द्वारा प्राप्त किया जाता है?

(1) स्पाइरोमेसिफेन

(2) इमामेक्टिन बेन्ज़ोएट

(3) स्पाइनोसैड

(4) इन्डोक्साकार्ब

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. मच्छर की कौनसी प्रजाति डेंगू की वाहक है?

(1) क्यूलेक्स पिपियंस

(2) एनोफिलीज़ गैम्बिया

(3) एडीज़ एजिप्टी

(4) एनोफिलीज़ कुलिसिफेसीज़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. कैप्चर, मार्किंग, रिलीज़ और रीकैप्चर विधि किस जनसंख्या आकलन विधियों के अंतर्गत आती है?

(1) सापेक्ष अनुमान

(2) निरपेक्ष अनुमान

(3) पकड़ना, चिन्हित करना, छोड़ना और पुनः पकड़ना

(4) जनसंख्या सूचकांक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. ऊर्जा का परम स्रोत है –

(1) मृतजीवी

(2) हरे पौधे

(3) शाकाहारी जन्तु

(4) सूर्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. कीटनाशी जिनकी $LD_{50}$ ज्यादा हो, वे –

(1) अविषैले होते हैं।

(2) अत्यधिक विषैले होते हैं।

(3) मध्यम विषैले होते हैं।

(4) कम विषैले होते हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. Maximum cases of insect resurgence in insects belong to the order -

(1) Coleoptera

(2) Diptera

(3) Homoptera

(4) Lepidoptera

(5) Question not attempted

53. Ligula is a part of ............

(1) Ovipositor

(2) Mouth

(3) Leg

(4) Thorax

(5) Question not attempted

54. For the effective control of mealybugs, the 1995 World Food Prize was awarded to -

(1) Dr. Walter Plowright

(2) Dr. Henry M. Beachell

(3) Dr. Gurdev S. Khush

(4) Dr. Hans R. Herren

(5) Question not attempted

55. When a parasitoid attacks another parasitoid, it is known as -

(1) Hyperparasitism

(2) Super parasitism

(3) Simple parasitism

(4) Multiple parasitism

(5) Question not attempted

56. What is the sole function of the drone in a honeybee colony?

(1) Mating with virgin queen

(2) Feeding young ones

(3) Nectar and pollen collection

(4) Hive building

(5) Question not attempted

52. किस गण के कीटों में सर्वाधिक कीट पुनरुत्थान आंका गया है?

(1) कोलियोप्टेरा

(2) डिप्टेरा

(3) होमोप्टेरा

(4) लेपिडोप्टेरा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. लिगुला .......... का हिस्सा है।

(1) अण्डनिक्षेपक

(2) मुँह

(3) पैर

(4) वक्ष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. मीलीबग्स के प्रभावी नियंत्रण के लिए, 1995 का विश्व खाद्य पुरस्कार......................को प्रदान किया गया।

(1) डॉ. वाल्टर प्लॉराइट

(2) डॉ. हेनरी एम. बीचेल

(3) डॉ. गुरदेव एस. खुश

(4) डॉ. हंस आर. हेरेन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. जब एक परजीवी दूसरे परजीवी पर आक्रमण करता है, तो उसे क्या कहते हैं?

(1) हाइपरपरजीवीवाद

(2) सुपरपरजीवीवाद

(3) साधारण परजीवीवाद

(4) बहुपरजीवीवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. मधुमक्खी कॉलोनी में ड्रोन का एकमात्र कार्य क्या है?

(1) कुंवारी रानी के साथ संभोग करना

(2) बच्चों को खाना खिलाना

(3) रस और पराग संग्रहण

(4) छत्ता बनाना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. The term 'Stenoecious' and 'Euryoecious' are used as narrow and wide range tolerance of species to …………

(1) Habitat

(2) Temperature

(3) Moisture

(4) Food

(5) Question not attempted

58. Insect-pest concerned with public health is -

(1) *Cimex hemipterus*

(2) *Chilo partellus*

(3) *Raoiella indica*

(4) *Tetranychus urticae*

(5) Question not attempted

59. Which committee is responsible for the approval of commercial cultivation of Bt transgenic cotton in India?

(1) GEAC

(2) PPBFR

(3) NBPGR

(4) ICAR

(5) Question not attempted

60. Which of the following statement is incorrect?

(1) *Periplaneta* heart has 13 chambers.

(2) *Japyx* heart has 10 chambers.

(3) *Lucanus* heart has 9 chambers.

(4) *Musca* heart has 3 chambers.

(5) Question not attempted

61. Pest concerned with the health of farm cattles is -

(1) *Perigaea capensis*

(2) *Sylepta derogata*

(3) *Tarache notabilis*

(4) *Hippobosca maculata*

(5) Question not attempted

57. 'स्टेनोसियस' और 'यूरियोसियस' शब्द किसी जाति की संकीर्ण व विस्तृत ……………………की सहनशीलता की सीमा के लिए उपयोग में लिए जाते हैं।

(1) प्राकृतिक आवास

(2) तापक्रम

(3) नमी

(4) भोजन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित कीट है –

(1) सिमेक्स हेमिप्टेरस

(2) चिलो पार्टेलस

(3) राओइला इंडिका

(4) टेट्रानाइकस अर्टीकी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. भारत में बीटी ट्रांसजेनिक कपास की व्यावसायिक खेती को मंजूरी देने के लिए कौनसी समिति जिम्मेदार है?

(1) जीईएसी

(2) पीपीबीएफआर

(3) एनबीपीजीआर

(4) आईसीएआर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?

(1) पेरिप्लेनेटा में 13 हृदय कक्ष होते हैं।

(2) जैपिक्स में 10 हृदय कक्ष होते हैं।

(3) ल्यूकेनस में 9 हृदय कक्ष होते हैं।

(4) मस्का में 3 हृदय कक्ष होते हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. कृषि पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित कीट है –

(1) पेरिगिया कैपेन्सिस

(2) सिलेप्टा डेरोगाटा

(3) टाराचे नोटाबिलिस

(4) हिप्पोबोस्का मैक्युलाटा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. Bed bugs belongs to which family?

(1) Cimicidae

(2) Coccidae

(3) Bruchidae

(4) Coreidae

(5) Question not attempted

63. Which species of honeybee makes multiple parallel comb?

(1) *Apis dorsata*

(2) *Apis florea*

(3) *Apis mellifera*

(4) *Apis andreniformis*

(5) Question not attempted

64. In which year, the Government of India withheld the commercial release of Bt Brinjal?

(1) 2009

(2) 2006

(3) 2002

(4) 2010

(5) Question not attempted

65. The para-pheromone used for pink bollworm is -

(1) (Z, E) and (Z, Z)-7, 11-hexadecadienyl acetate

(2) (Z)-11-hexadecenal and (Z)-9-hexadecenal

(3) Methyl eugenol

(4) (Z)-9-tetradecenyl acetate (Z9-14 : OAc)

(5) Question not attempted

66. The insect which entered in India before the enforcement of quarantine measures is -

(1) Guava Mealybug

(2) Cotton Whitefly

(3) Sugarcane Pyrilla

(4) Cottony Cushion Scale

(5) Question not attempted

62. खटमल किस कुल से संबंधित है?

(1) सिमिसिडी

(2) कोकसिडी

(3) ब्रुचिडी

(4) कोरीडी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. मधुमक्खी की कौनसी प्रजाति कई समानांतर छत्ते बनाती है?

(1) एपिस डोरसाटा

(2) एपिस फ्लोरिया

(3) एपिस मेलिफेरा

(4) एपिस एंड्रेनिफोर्मिस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. किस वर्ष भारत सरकार ने बीटी बैंगन के व्यावसायिक विमोचन पर रोक लगा दी थी?

(1) 2009

(2) 2006

(3) 2002

(4) 2010

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. गुलाबी सुंडी के लिए किस पैरा–फेरोमोन का उपयोग किया जाता है?

(1) (Z, E) और (Z, Z)-7, 11-हेक्साडेकेडेनिल एसीटेट

(2) (Z)-11-हेक्साडेसेनल और (Z)-9-हेक्साडेसेनल

(3) मिथाइल यूजेनॉल

(4) (Z)-9-टेट्राडेसेनिल एसीटेट (Z9-14 : OAc)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. संगरोध उपायों के लागू होने से पहले भारत में प्रवेश करने वाला कीट है –

(1) अमरूद मीलीबग

(2) कपास सफेद मक्खी

(3) गन्ने का पाइरिला

(4) कॉटनी कुशन स्केल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. In India, which one of the following insect acts as a carrier of "Kala-azar"?
(1) Sandfly
(2) Housefly
(3) Mosquito
(4) Rat flea
(5) Question not attempted

68. Which insecticide belongs to neonicotinoid group of chemicals?
(1) Thiamethoxam
(2) Quinalphos
(3) Fipronil
(4) Phorate
(5) Question not attempted

69. What is the reason of pests resurgence?
(1) Physiological selectivity
(2) Avoiding of natural enemy destruction
(3) Ecological selectivity
(4) Indiscriminate use of insecticide
(5) Question not attempted

70. Which of the following part is absent in order Hemiptera?
(1) Compound eye
(2) Tarsi
(3) Cerci
(4) Piercing and sucking type of mouth parts
(5) Question not attempted

71. Atropine is a -
(1) Antifeedant
(2) Antidote
(3) Acaricide
(4) Repellent
(5) Question not attempted

72. The seasonal movement of insects in a large number is called -
(1) Emigration
(2) Migration
(3) Immigration
(4) Dispersal
(5) Question not attempted

67. भारत में निम्नलिखित में से कौनसा कीट "कालाज़ार" का वाहक है?
(1) रेत मक्खी
(2) घरेलू मक्खी
(3) मच्छर
(4) चूहा पिस्सू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. कौनसा कीटनाशक नियोनिकोटिनॉइड समूह के रसायनों से संबंधित है?
(1) थियामेथोक्साम
(2) क्विनालफॉस
(3) फ़िप्रोनिल
(4) फोरेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. कीटों (नाशीजीवों) के पुनरुत्थान का क्या कारण है?
(1) शारीरिक चयनता
(2) प्राकृतिक शत्रुओं के विनाश को टालना
(3) पारिस्थितिकी का चयन
(4) कीटनाशियों का अंधाधुंध प्रयोग करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. निम्न में से कौनसा भाग गण हेमिप्टेरा में नहीं पाया जाता है?
(1) संयुक्त नेत्र
(2) टारसाई
(3) सरसाई
(4) चूसने व चुभाने वाले मुखांग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. एट्रोपिन एक है –
(1) एन्टीफीडेन्ट
(2) एन्टीडोट
(3) एकेरिसाइड
(4) रिपेलेन्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. कीटों का बड़ी संख्या में मौसमी प्रवास कहलाता है –
(1) एमिग्रेशन (उत्प्रवास)
(2) माइग्रेशन (स्थानान्तरण)
(3) इमिग्रेशन (आप्रवासन)
(4) डिस्पर्सल (बिखराव)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. The population growth curve is usually consisting of ................ phases.

(1) three

(2) two

(3) six

(4) four

(5) Question not attempted

74. Organophosphate insecticides act -

(1) on acetylcholine-esterase enzyme

(2) by rupturing the insect epithelium layer of midgut

(3) as protoplasmic poison

(4) as chitin synthesis inhibitor

(5) Question not attempted

75. The identification of the eggs laid by til hawk moth (*Acherontia styx*) is -

(1) inside the leaf tissues, rounded and green in colour

(2) in clusters, flattened and brown in colour

(3) in batches, oval and light pink in colour

(4) singly, globular and yellowish-white in colour

(5) Question not attempted

76. In India, the second generation of Bt cotton technology was introduced by Monsanto containing two resistant genes Cry1Ac and Cry2Ab in the year …………

(1) 2002

(2) 2008

(3) 2006

(4) 2010

(5) Question not attempted

77. The killing of pupae of silkworm in the cocoon is called as -

(1) Curing

(2) Stifling

(3) Mounting

(4) Reeling

(5) Question not attempted

73. जनसंख्या वृद्धि वक्र में आमतौर पर .................... चरण होते हैं।

(1) तीन

(2) दो

(3) छः

(4) चार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. ऑर्गेनोफॉस्फेट कीटनाशी कार्य करते हैं –

(1) एसिटाइलकोलाइन एस्टरेज़ एन्ज़ाइम पर

(2) मध्य भोजन नलिका की एपिथीलियम परत को भेदने का कार्य

(3) प्रोटोप्लाज़्मिक विष के रूप में

(4) काइटिन संश्लेषण को रोकने का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. टिल हॉक मॉथ (*एचेरोंटिया स्टाइक्स*) द्वारा दिए गए अंडों की पहचान है –

(1) पत्ती के ऊतकों के अंदर, गोल और हरे रंग के

(2) समूहों में, चपटे और भूरे रंग के

(3) समूहों में, अंडाकार और हल्के गुलाबी रंग के

(4) एकल, गोलाकार और पीले–सफेद रंग के

(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. भारत में, मोनसेंटो द्वारा वर्ष .................................. में शुरू की गई बीटी कपास प्रौद्योगिकी की दूसरी पीढ़ी में दो प्रतिरोधी जीन क्राई1एसी और क्राई 2एबी शामिल थे।

(1) 2002

(2) 2008

(3) 2006

(4) 2010

(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. ककून में रेशमकीट के प्यूपा को मारने को कहा जाता है –

(1) क्यूरिंग

(2) स्टिफलिंग

(3) माउंटिंग

(4) रीलिंग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. In insects, the juvenile hormone is secreted by -
(1) Prothoracic glands
(2) Corpora allata
(3) Neurosecretory cells
(4) Corpora cardiaca
(5) Question not attempted

79. In which insect family, all the filter chambers are well developed?
(1) Embiidae
(2) Carabidae
(3) Meloidae
(4) Membracidae
(5) Question not attempted

80. Which segment of the antennae is called clavola?
(1) Scape
(2) Johnston organ
(3) Pedicel
(4) Flagellum
(5) Question not attempted

81. Who is first to describe the use of ecological pyramid?
(1) Charles Elton
(2) Ernst Haeckel
(3) Clements
(4) Tayler
(5) Question not attempted

82. Technique used in laboratories to make multiple copies of a DNA segment is -
(1) Ligase Chain Reaction
(2) Polymerase Chain Reaction
(3) Translation
(4) Transcription
(5) Question not attempted

83. Which of the following is NOT the most common damage symptom of red spider mites on plants?
(1) Gall formation on stem
(2) Webbing in leaves
(3) Dull appearance of leaves
(4) Yellow necrotic spots on leaves
(5) Question not attempted

78. कीटों में जुवेनाइल हार्मोन का स्राव किससे होता है?
(1) प्रोथोरेसिक ग्रंथियाँ
(2) कॉर्पोरा अलाटा
(3) न्यूरोसेक्रेटरी कोशिकाएं
(4) कॉर्पोरा कार्डियाका
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. निम्न में से किस कीट कुल में सभी फ़िल्टर चैम्बर पूर्ण विकसित पाये जाते हैं?
(1) एम्बीडी
(2) कैराबिडी
(3) मेलोइडी
(4) मेम्ब्रासिडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. निम्न में से श्रृंगिकाओं के कौनसे खण्ड को क्लैवोला कहते हैं?
(1) स्केप
(2) जॉनस्टन अंग
(3) पेडीसेल
(4) फ्लैजेलम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. पारिस्थितिक पिरामिड के उपयोग का सर्वप्रथम वर्णन किसने किया था?
(1) चार्ल्स एल्टन
(2) अर्न्स्ट हेकेल
(3) क्लेमेन्ट्स
(4) टेलर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. प्रयोगशालाओं में डीएनए खंड की कई प्रतियां बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक है –
(1) लाइगेज़ श्रृंखला अभिक्रिया
(2) पॉलीमरेज़ श्रृंखला अभिक्रिया
(3) ट्रांसलेशन
(4) ट्रांसक्रिप्शन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. पौधों पर लाल मकड़ी बरूथी का सबसे आम नुकसान का लक्षण <u>नहीं</u> है –
(1) तने पर गाँठ का निर्माण
(2) पत्तियों पर जाल
(3) पत्तियों का धुंधला रूप
(4) पत्तियों पर पीले परिगलित धब्बे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. Who discovered the insecticidal property of Bt?
(1) Rodriguez, 1972
(2) E. Berliner, 1911
(3) E.P. Stebbing, 1900
(4) S. Ishiwatari, 1901
(5) Question not attempted

84. बीटी की कीटनाशक गुणवत्ता की खोज किसने की थी?
(1) रोड्रिगेज़, 1972
(2) ई. बर्लिनर, 1911
(3) ई.पी. स्टेबिंग, 1900
(4) एस. इशिवातारी, 1901
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. Which of the following stored grain insect-pest is having long snout/beak?
(1) *Callosobruchus maculatus*
(2) *Rhyzopertha dominica*
(3) *Tribolium castaneum*
(4) *Sitophilus oryzae*
(5) Question not attempted

85. निम्नलिखित में से कौनसा भंडारित अनाज कीट लंबी थूथन / चोंच वाला होता है?
(1) कैलोसोब्रुचस मैक्यूलैटस
(2) राइज़ोपर्था डोमिनिका
(3) ट्राइबोलियम कैस्टेनियम
(4) सिटोफिलस ओराइज़ी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. Warfarin is an effective rodenticide belongs to which one of the following categories?
(1) Botanical pesticide
(2) Non-anticoagulants
(3) Synthetic pyrethroid
(4) Anticoagulants
(5) Question not attempted

86. वारफेरिन एक प्रभावी कृंतकनाशक है, जो निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आता है?
(1) वानस्पतिक पीड़कनाशी
(2) गैर–एंटीकोएगुलेंट्स
(3) संश्लेषित पाइरेथ्रोइड
(4) एंटीकोएगुलेंट्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

87. Paleoentomology deals with the study of -
(1) Wood insects
(2) Industrial insects
(3) Fossil insects
(4) Animal insects
(5) Question not attempted

87. पैलियोएन्टोमोलॉजी में अध्ययन करते हैं –
(1) लकड़ी के कीटों का
(2) औद्योगिक कीटों का
(3) जीवाश्म कीटों का
(4) पशु कीटों का
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. The 10th edition of Systema Naturae was published in year -
(1) 1735
(2) 1758
(3) 1857
(4) 1750
(5) Question not attempted

88. सिस्टेमा नेचुरी का 10वां संस्करण किस वर्ष में प्रकाशित हुआ?
(1) 1735
(2) 1758
(3) 1857
(4) 1750
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. Which of the following is NOT the characteristic of insects sub-order ensifera?
(1) Antenna is very long.
(2) Auditory organ when present, they are on fore-tibia.
(3) It includes long-horned grasshopper.
(4) Ovipositor is short.
(5) Question not attempted

89. निम्न में से कौनसा लक्षण सब–ऑर्डर एनसिफेरा के कीटों में नहीं पाया जाता है?
(1) एन्टीना लम्बी होती है।
(2) जब श्रवण अंग उपस्थित होते हैं, तो वे अग्र–टिबिया पर पाए जाते हैं।
(3) इसमें लॉन्गहॉर्न ग्रासहॉपर को रखा गया है।
(4) अण्डनिक्षेपक (ओविपोसिटर) छोटा होता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. The scientific name of red palm weevil is -
(1) *Acrocercops phaespora*
(2) *Perina nuda*
(3) *Aspidiotus destructor*
(4) *Rhynchophorus ferrugineus*
(5) Question not attempted

91. The beetle, *Zygogramma bicolorata*, introduced for the control of congress grass, has started feeding on which of the following?
(1) Soybean
(2) Cauliflower
(3) Mustard
(4) Sunflower
(5) Question not attempted

92. Female of *Pieris brassicae* lays -
(1) bluish conical shaped eggs singly
(2) bluish dome shaped eggs in clusters
(3) greenish dome shaped eggs singly
(4) yellowish conical shaped eggs in clusters
(5) Question not attempted

93. Apneustic respiration system is found in which order of insects?
(1) Protura
(2) Lepidoptera
(3) Mecoptera
(4) Coleoptera
(5) Question not attempted

94. The term 'ecosystem' was first given by A.G. Tansley in the year -
(1) 1961
(2) 1935
(3) 1940
(4) 1925
(5) Question not attempted

95. The *Campoletis chlorideae* attacks on which stage of *Helicoverpa armigera* in cotton?
(1) Egg
(2) Adult
(3) Larva
(4) Pupa
(5) Question not attempted

90. लाल ताड़ के घुन का वैज्ञानिक नाम है –
(1) एक्रोसेर्कोप्स फ़ेस्पोरा
(2) पेरिना नुडा
(3) एस्पिडियोटस डिस्ट्रक्टर
(4) राइनोफोरस फेरुगिनियस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. कांग्रेस घास के नियंत्रण के लिए लाया गया भृंग, ज़ाइगोग्रामा बाइकोलोराटा ने निम्न में से किसे खाना शुरू कर दिया है?
(1) सोयाबीन
(2) फूलगोभी
(3) सरसों
(4) सूरजमुखी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. पियरिस ब्रैसिका की मादा देती है –
(1) एक–एक करके नीले–शंक्वाकार के आकार के अंडे
(2) गुच्छों में नीले–गुंबद के आकार के अंडे
(3) एक–एक करके हरे–गुंबद के आकार के अंडे
(4) गुच्छों में पीले–शंक्वाकार के आकार के अंडे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. एपन्यूस्टिक श्वसन तंत्र कीटों के किस गण में पाया जाता है?
(1) प्रोटूरा
(2) लेपिडोप्टेरा
(3) मेकोप्टेरा
(4) कोलियोप्टेरा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. 'पारिस्थितिकी तंत्र' शब्द सर्वप्रथम ए.जी. टैन्सले द्वारा किस वर्ष में दिया गया था?
(1) 1961
(2) 1935
(3) 1940
(4) 1925
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. कपास में हेलिकोवर्पा आर्मिजेरा की किस अवस्था में कैम्पोलेटिस क्लोराइडी का आक्रमण होता है?
(1) अंडा
(2) वयस्क
(3) लार्वा
(4) प्यूपा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. Which caste of honeybee is having blunt abdomen?

(1) Worker

(2) Queen

(3) Drone

(4) Both (1) and (2)

(5) Question not attempted

97. *Bacillus thuringiensis* was first isolated from silkworm larvae in Japan by -

(1) Ernst Berliner

(2) Heimpel and Angus

(3) Shigetane Ishiwatari

(4) Hannay and James

(5) Question not attempted

98. The rate of death and expectation of life at specific time intervals during the lifespan of an insect is indicated by -

(1) Carrying capacity

(2) Homeostatis

(3) Life table

(4) Natality

(5) Question not attempted

99. The co-existence of different defence mechanisms in the same strain is known as -

(1) Cross resistance

(2) Knockdown resistance

(3) Monogenic resistance

(4) Multiple resistance

(5) Question not attempted

100. Malpighian tubules are absent in which order of insects?

(1) Coleoptera

(2) Collembola

(3) Diptera

(4) Protura

(5) Question not attempted

96. मधुमक्खियों की कौनसी जाति कुंद पेट वाली होती है?

(1) श्रमिक

(2) रानी

(3) ड्रोन

(4) (1) एवं (2) दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. बैसिलस थुरिंजिएंसिस को पहली बार जापान में रेशमकीट के लार्वा से अलग किया गया था –

(1) अर्न्स्ट बर्लिनर के द्वारा

(2) हेम्पेल और एंगस के द्वारा

(3) शिगेताने इशिवातारी के द्वारा

(4) हैने और जेम्स के द्वारा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. कीट के जीवनकाल के दौरान मृत्यु दर व निश्चित समय अंतराल में जीवित रहने की संभावना दर्शाती है –

(1) धारण क्षमता

(2) समस्थिति

(3) जीवन तालिका

(4) जन्म दर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. एक ही प्रजाति में विभिन्न रक्षा तंत्रों का सह–अस्तित्व कहलाता है –

(1) क्रॉस प्रतिरोध

(2) नॉकडाउन प्रतिरोध

(3) मोनोजेनिक प्रतिरोध

(4) बहु–प्रतिरोध

(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. कीटों के किस गण में माल्पीजियन नलिकाएं <u>नहीं</u> पाई जाती हैं?

(1) कोलियोप्टेरा

(2) कोलेम्बोला

(3) डिप्टेरा

(4) प्रोटूरा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**101.** Acceptable daily intake of a chemical is expressed in ...................... .

(1) Kilogram/kg of body weight

(2) Milligram/quintal of body weight

(3) Microgram/kg of body weight

(4) Milligram/kg of body weight

(5) Question not attempted

**101.** किसी रसायन के ग्राह्य दैनिक ग्रहण को .................. में व्यक्त किया जाता है।

(1) किलोग्राम / शरीर के वजन का किलोग्राम

(2) मिलीग्राम / शरीर के वजन का क्विंटल

(3) माइक्रोग्राम / शरीर के वजन का किलोग्राम

(4) मिलीग्राम / शरीर के वजन का किलोग्राम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**102.** *Trichogramma brasiliensis* is a -

(1) Parasite

(2) Parasitoid

(3) Pyrethroids

(4) Predator

(5) Question not attempted

**102.** ट्राइकोग्रामा ब्रेसिलिएन्सिस एक है –

(1) परजीवी

(2) परजीव्याभ

(3) पायरेथ्रोइड्स

(4) परभक्षी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**103.** The scientific name of honeybee species which is NOT included in beekeeping in India, is -

(1) *Apis mellifera*

(2) *Apis cerana indica*

(3) *Apis dorsata*

(4) *Tetragonula iridipennis*

(5) Question not attempted

**103.** भारत में मधुमक्खी पालन में शामिल नहीं की जाने वाली मधुमक्खी प्रजाति का वैज्ञानिक नाम है –

(1) एपिस मेलिफेरा

(2) एपिस सेराना इंडिका

(3) एपिस डोरसाटा

(4) टेट्रागोनुला इरिडिपेनिस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**104.** The gland of Queen honeybee associated with the secretion of queen substance is -

(1) Mandibular gland

(2) Hypopharyngeal gland

(3) Abdominal gland

(4) Maxillary gland

(5) Question not attempted

**104.** रानी मधुमक्खी में रानी द्रव्य के स्राव से जुड़ी ग्रंथि है –

(1) मैंडिबुलर ग्रंथि

(2) हाइपोफेरिंजियल ग्रंथि

(3) उदर ग्रंथि

(4) मैक्सिलरी ग्रंथि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**105.** Which crop is NOT covered under the Huffaker Project in IPM?

(1) Groundnut

(2) Cotton

(3) Citrus

(4) Soybean

(5) Question not attempted

**105.** आई.पी.एम. में हफ़ेकर परियोजना के अंतर्गत कौनसी फसल शामिल नहीं है?

(1) मूंगफली

(2) कपास

(3) नींबू वर्गीय

(4) सोयाबीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. Paris green insecticide comes under which group of compounds?
(1) Lead arsenate
(2) Copper acetoarsenite
(3) Sodium fluoride
(4) Calcium arsenate
(5) Question not attempted

106. पेरिस ग्रीन कीटनाशक कौनसे यौगिक समूह में आता है?
(1) लेड आर्सेनेट
(2) कॉपर एसीटोआर्सेनाइट
(3) सोडियम फ्लोराइड
(4) कैल्शियम आर्सेनेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. When an edible form of butterfly, viceroy, mimics the non-edible monarch butterfly, then this is a type of -
(1) Hypo mimicry
(2) Aggressive mimicry
(3) Warning mimicry
(4) Concealing mimicry
(5) Question not attempted

107. जब वायसराय तितली जो पक्षियों के खाने योग्य है, पक्षियों के नहीं खाने योग्य मोनार्क तितली का अनुसरण करती है, तो इसे कहते हैं –
(1) हाइपो अनुसरण
(2) आक्रामक अनुसरण
(3) चेतावनी अनुसरण
(4) छिपने वाला अनुसरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

108. In coccidae, "Crumena" is related to ............
(1) Colon
(2) Antennae
(3) Mouth
(4) Leg
(5) Question not attempted

108. कोकसिडी में, ''क्रुमेना'' .............. से संबंधित है।
(1) कोलोन
(2) श्रृंगिका
(3) मुँह
(4) पैर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

109. Which family belongs to sub-order nematocera?
(1) Tachinidae
(2) Muscidae
(3) Culicidae
(4) Asilidae
(5) Question not attempted

109. कौनसा कुल उप–गण नेमाटोसेरा से संबंधित है?
(1) टैकिनिडी
(2) मस्किडी
(3) कुलिसिडी
(4) एसिलिडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

110. Which of the following is NOT correct pair?
(1) *Bombyx mori* - Embryonic diapause
(2) *Pieris brassicae* - Pupal diapause
(3) *Euproctis chrysorrhoea* - Larval diapause
(4) *Culex pipiens* - Pre-pupal diapause
(5) Question not attempted

110. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही नहीं है?
(1) बॉम्बिक्स मोरी – भ्रूणीय डायपॉज़
(2) पियरिस ब्रैसिकी – कोश डायपॉज़
(3) यूप्रोक्टिस क्राइसोरिया – लार्वल डायपॉज़
(4) क्यूलेक्स पिपियन्स – कोश पूर्व डायपॉज़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

---------------------------------------

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

3001273